कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाई माधोपुर

सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों के मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण हेतु समाधान समारोह का आयोजन

माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों के मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण हेतु समाधान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जो 21 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ होकर दिनांक 21 से 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालतों के आयोजन के साथ सम्पन्न होगा। समाधान समारोह का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय स्तर पर व्यवस्थित एवं मिशन मोड रूप में मध्यस्थता एवं प्री काउंसलिंग के माध्यम से सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। पक्षकार एवं उनके अधिवक्ता गूगल फॉर्म भरकर मध्यस्थता के माध्यम से अपने प्रकरणों का निस्तारण करवा सकते है। गूगल फॉर्म का लिंक सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली की वेबसाईट पर समाधान समारोह टैब के अन्तर्गत उपलब्ध है। दिनांक 21 से 23 अगस्त 2026 को आयोजित की जाने वाली इन विशेष लोक अदालत (समाधान समारोह) की प्रक्रिया के मामलों को रैफर करने के लिए गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि पूर्व में 31 मई 2026 थी, जिसे 31 जुलाई, 2026 तक बढ़ा दिया गया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर सवाई माधोपुर में व्यक्तिशः उपस्थित होकर अथवा हेल्पलाईन नंबर 8306002136 अथवा सिस्टम ऑफिसर जिला न्यायालय सवाई माधोपुर के मोबाईल नंबर 9785952560 पर कॉल करके सम्पर्क किया जा सकता है।

गूगल फॉर्म लिंक– https://forms.gle/jqxefqF4BCWzukoP6